**दिनांक** 20.02.2018 **को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु अनेकानेक गतिविधियां कराई गयीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल एवं उनके सहयोगी तृप्ति, डॉ० आशिमा, अनिता, स्वाति दवारा आयोजित की गयी।**

**रोजगार उन्मुख करने के लिए विद्यार्थियों को श्री जॉय द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। साक्षात्कार एवं आत्म परिचय इत्यादि पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इनकी महत्ता बताते हुए व्यवहारिक रूप से भी विद्यार्थियों को समझाया। यह दो दिवसीय कार्यशाला 'ग्लोबल टैलेंट ट्रैक कोलब्रेटेड विद बार्कले' के सहयोग से आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की कार्यक्षमताओं को बढ़ाना और भविष्य में अच्छे सुअवसर प्राप्त करना है। भाषा कौशल के माध्यम से विद्यार्थी अपने सम्प्रेषण क्षमता को बढ़ा सकते हैं। अनेकानेक स्वर्णिम अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, इस कार्यशाला में उन्होंने कुछ रोचक खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों की श्रवण क्षमता को भी परिपक्व बनाने का मन्त्र दिया। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के माध्यम से बौद्धिक क्षमता को जाग्रत करना बताया। इस सुअवसर पर बी० बी० ए०, बी० बी० ए० (कैम) और बी० कॉम के विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करते हुए लाभ उठाया।**